कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

::कार्यालय आदेश::

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा/माध्य/संस्था/बी–2/45002/प्रधानाचार्य/स्थानान्तरण/2021 दिनांक 04.01.2021 द्वारा श्री पूरण चन्द गुप्ता, प्रधानाचार्य, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बख्तपुरा, उमरैण जिला अलवर का स्थानान्तरण राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निठार, बैर जिला भरतपुर किया गया था जिसके विरूद्ध श्री पूरण चन्द गुप्ता द्वारा माननीय राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर में अपील संख्या 303/2021 श्री पूरण चन्द गुप्ता बनाम राजस्थान राज्य व अन्य दायर की गई ।

अपील संख्या 303/2021 में माननीय अधिकरण द्वारा पारित अन्तरिम आदेश दिनांक 01.02.2021 द्वारा विभागीय आलोच्य स्थानान्तरण आदेश दिनांक 04.01.2021 का क्रियान्वयन अपीलार्थी श्री पूरण चन्द गुप्ता के पदस्थापन के सम्बन्ध में माननीय अधिकरण के आगामी आदेश तक स्थगित किया गया है।

श्री पूरण चन्द गुप्ता द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अपना समायोजन राउमावि आगर, थानागाजी जिला अलवर अथवा राबाउमावि गढी सवाईराम, रैणी जिला अलवर किये जाने का निवेदन किया गया। श्री पूरण चन्द गुप्ता के उक्त अनुरोध को स्वीकार करते हुए अपीलार्थी श्री पूरण चन्द गुप्ता का समायोजन राबाउमावि गढी सवाईराम, रैणी जिला अलवर में प्रधानाचार्य के रिक्त पद पर किया जाता है। डॉ. सुरेश कुमार विभागीय स्थानान्तरण आदेश दिनांक 04.01.2021 की अनुपालना में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बख्तपुरा, उमरैण जिला अलवर में प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत रहेंगे।

(सौरभ स्वामी)
आई.ए.एस
निदेशक माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा–मा./संस्था/बी–2/अपील/पूरण चन्द/303/2021/162 दिनांकः 13.02.2021

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, जयपुर/भरतपुर संभाग, जयपुर/भरतपुर।
4. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, अलवर/भरतपुर।
5. जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय) माध्यमिक अलवर/भरतपुर।
6. सम्बन्धित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी।
7. जिला शिक्षा अधिकारी (विधि) माध्यमिक, जयपुर।
8. सहायक निदेशक, विधि अनुभाग कार्यालय हाजा।
9. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड हेतु।
10. श्री पूरण चन्द गुप्ता, स्थानान्तरणाधीन प्रधानाचार्य राउमावि निठार, बैर जिला भरतपुर।
11. निजी/रक्षित पत्रावली।

संयुक्त निदेशक(कार्मिक)